
हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 10 जुलाई 2024

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 एलईडी और स्ट्रीट लाइट लगाने में लापरवाही...



07 कृषि उपज मंडी व नपा द्वारा बारिश के पूर्व चलाए...



## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में आए 42 आवेदनों का निराकरण



**विदिशा।** मंगलवार को हुई जनसुनवाई में 108 आवेदन आए। 42 आवेदनों का अधिकारियों ने मौके पर निराकरण किया। शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कलेक्टर ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट, संयुक्त कलेक्टर शशि मिश्रा, निकिता तिवारी, मोहिनी शर्मा, विनीत तिवारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण



**विदिशा।** एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत जनपद पंचायत नटेरन के ग्रामों के साथ-साथ ग्राम पंचायत जरसेना, ग्राम सिरावदा, ग्राम जरगुंवा, ग्राम मदऊखेड़ी, ग्राम बरखेड़ा, ग्राम करोंदाखुर्द में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इसके अलावा सम्राट अशोक सागर संभाग विदिशा के कार्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के 55 पौधे लगाए गए। विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे वृहद स्तर पर पौधरोपण कार्य में जिले की नवांकुर संस्था सदस्यों द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही है। इस कार्य में जन भागीदारी भी सुनिश्चित कराई जा रही है। पौधरोपण कार्य में आमजन भी बढ़ चढ़कर सहभागी बन रहे हैं।

### 12 अगस्त से होगा एसबीआई बैंक शाखाओं का समय परिवर्तित

**विदिशा।** लीड बैंक आफिसर भगवान सिंह बघेल ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक की जिले में स्थित समस्त शाखाओं का व्यवसाय समय एकीकृत किया जा रहा है। 12 अगस्त से सभी बैंक शाखाओं का व्यवसाय समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक नियत किया गया है।

### बिरसा मुंडा व टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के आवेदन करें

**विदिशा।** अनुसूचित जनजाति वर्ग के आर्थिक उत्थान हेतु नवीन योजना भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना एवं आर्थिक कल्याण योजना प्रारंभ की गई हैं। जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के खिलाड़ियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को नवीन उद्यमों की स्थापना के लिए कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं कक्षा उत्तीर्ण है।

---

नाले के ऊपर बने हैं मकान, सीमांकन हुआ तो साफ नजर आएगा अतिक्रमण

# आंदोलन की चेतावनी से जागा प्रशासन, कपूर गार्डन के सामने नाले के चौड़ा कराया, कॉलोनाइजर ने नाले में पाइप डालकर किया है कब्जा

## बेलगाम अफसर: सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बाद अधिकारी कॉलोनाइजर के रसूख के चलते नहीं कर रहे कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पूरनपुरा क्षेत्र में साकेत एमजीएम स्कूल के सामने एक कॉलोनाइजर ने पूरनपुरा नाले में पाइप डालकर उसके ऊपर अपनी कॉलोनी का भव्य गेट बना दिया। पानी की निकासी के लिए सिर्फ दो पाइप डाल दिए। जिससे नाले का स्वरूप बिगड़ गया। विगत दिनों हुई तेज बारिश के बाद जब नाले में पानी आया आसपास के क्षेत्र में जलभराव की स्थित बन गई।

भ्रष्टाचार उन्मूलन संघर्ष समिति की शिकायत के बाद अब प्रशासन जगा है। मंगलवार को पूरनपुरा रोड स्थित कपूर गार्डन के सामने अवैध कालोनाइजर द्वारा बनाए गए गेट के अंदर खुदाई कर प्रशासन ने नाले को चौड़ा कराया। एक दिन पहले भ्रष्टाचार उन्मूलन संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष रवि साहू ने पूरे मामले को सोशल मीडिया के माध्यम से उठाया था और प्रशासन को आंदोलन की चेतावनी दी तब कहीं जाकर प्रशासन की नींद टूटी और आनन फानन में अफसर कार्रवाई करने पहुंच गए।

तहसीलदार अमित कुमार सिंह ने नगरपालिका की जेसीबी बुलाकर अवैध रूप से बनाए गए नाले को तोड़ा। वहीं कालोनाइजर ने भी निजी जेसीबी बुलवाकर नाले को तोड़ने की कोशिश की। प्रशासन अवैध रूप से बने कॉलोनी के गेट को अब भी नहीं हटा पाया है। इस संबंध में जब तहसीलदार अमित कुमार सिंह से रवि साहू ने कहा कि रोड से सटकर शासकीय भूमि पर बने गेट को भी तोड़ा जाए तो तहसीलदार का कहना था कि मौके की नपती कराई जाकर गेट तोड़ा जाएगा। कहीं न कहीं अधिकारी भी कॉलोनाइजर के इशारे पर काम कर रहे हैं। जबकि मौके पर स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि कॉलोनी का गेट नाले की जमीन के ऊपर बना है।

नाले का मूल स्वरूप मिटाकर छोटा कर उसमे पाइप डालने के कारण पीछे की तरफ आसपास के रहवासियों के घर में और सड़क पर पानी भरा रहा था। इसकी शिकायत कई बार रहवासियों ने आला अधिकारियों सहित सीएम हेल्प में भी की थी। लेकिन अवैध कॉलोनाइजर के रसूख के चलते प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहा था।



विदिशा। नाले के गेट के अंदर जेसीबी चलाकर तहसीलदार ने पाइप हटाए और नाले को मूल स्वरूप में लाने का प्रयास किया।

### नगर में ऐसे एक नहीं कई मामले हैं

पूरे शहर में एक नहीं ऐसे अनेक मामले हैं, जहां नाले की जमीन पर कब्जा कर मकान बनाए जा रहे हैं। शहर के भीतर के नाले तो कई जगह गायब ही हो चुके हैं उनके ऊपर मकान और दुकानें बन गई। वहीं डंडापुरा से गुजरा नाला जो सिंधी कॉलोनी खाई रोड होते हुए रायपुरा से स्कूल के पीछे से बेतवा में मिलता है इसे भी रायपुरा स्कूल के आगे संकरा कर दिया गया है। जिसके कारण रायपुरा स्कूल परिसर के और उसके आसपास अब जल भराव की स्थिति बनने लगी है। तेज रफ्तार से पानी न निकल पाने के कारण डंडापुरा क्षेत्र में पानी भरने लगा है। प्रशासन को नालों का सीमांकन कर अतिक्रमण मुक्त करना चाहिए।

---

## बारिश में बच्चों को स्कूल पहुंचने के लिए करना पड़ रहा संघर्ष

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में दो फीट पानी, उत्कृष्ट स्कूल भी लबालब हुआ

**सालों से जल भराव की स्थिति के बाद भी समस्या को हल करने पर नहीं है किसी का ध्यान।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नगर के केंद्रीय विद्यालय का उन्नयन करके पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय का नाम दिया गया है। इस स्कूल का नाम अब सीधे देश के प्रधानमंत्री से जुड़ गया है। इससे स्कूल में कई सुविधाओं में बढ़ोतरी होने की संभावनाएं है।

कलेक्टर इस स्कूल की समिति के अध्यक्ष हैं। बावजूद इसके इस विद्यालय की एक समस्या जो कई वर्षों से है वह आज भी बरकरार है। जरा सी बारिश होने पर स्कूल के पूरे परिसर में दो से तीन फीट तक पानी भर जाता है। पानी निकासी की व्यवस्था स्कूल प्रबंधन, जिला प्रशासन, नगरपालिका द्वारा अब तक नहीं की जा सकी है। बच्चों को परिसर के भीतर भरे दो से तीन फीट पानी से होकर गुजरना पड़ता है। सरकारी स्कूलों के ऐसे हाल सिर्फ एक ही जगह नहीं हैं एक्सीलेंस स्कूल परिसर में भी जल भराव की समस्या सालों से है। बच्चों हर साल बारिश में परेशान होते हैं। यहां भी स्कूल परिसर में दो से तीन फीट तक पानी भर जाता है स्कूल पहुंचने तक का रास्ता बंद हो जाता है। विद्यालय की गैलरी में तक पानी घुस जाता है। इस स्कूल की समस्या तो इतनी पुरानी है जितना पुराना यह स्कूल है। स्कूल को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्ज मिले सालों बीत चुके हैं लेकिन जलभराव की एक छोटी सी समस्या को आज तक हल नहीं किया जा सका। इसके अलावा ओवर ब्रिज के नीचे बने स्कूल परिसर में भी जल भराव की स्थित सालों से बनती आ रही है, लेकिन निकासी के कोई इंतजाम शिक्षा विभाग द्वारा आज तक नहीं किए गए। हर बार बारिश में छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।



तालाब नहीं... यह केंद्रीय विद्यालय परिसर का ग्राउंड है

विदिशा। नगर के सबसे बड़े केंद्रीय विद्यालय के परिसर में बारिश के दौरान भर जाता है दो से तीन फीट तक पानी।


### बारिश : सबसे ज्यादा लटेरी, सबसे कम गुलाबगंज तहसील में

जिले में मौसम में उतार चढ़ाव बना हुआ है। पिछले 4 दिनों से अच्छी बारिश की उम्मीद कर रहे किसानों को सोमवार को राहत मिली। सोमवार को विदिशा जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान झमाझम बारिश हुई। इस दौरान जिले में 253.6 मिमी बारिश हुई है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा बारिश कुरवाई में हुई है तो वहीं पठारी में बारिश नहीं हुई। विदिशा में 42 मिली मीटर बारिश, शमशाबाद में 29.0, नटेरन में 6.0, गुलाबगंज में 3.0, ग्यारसपुर में 6.0, लटेरी में 48.0, सिरोंज में 27.0, कुरवाई में 48.4, बासौदा में 44.2 मिमी बारिश हुई है। सबसे ज्यादा 476.1 मिमी बारिश लटेरी तहसील में हुई है। जबकि नटेरन में 228.0, विदिशा तहसील में 234.0, सिरोंज तहसील में 205.0 मिमी, पठारी में 327.0, ग्यारसपुर में 247.0, कुरवाई में 320.0, बासौदा में 182.0 और शमशाबाद में 175.2, गुलाबगंज में सबसे कम 160.0 बारिश हुई है।

---

मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टर्स ने किया प्रदर्शन

# एक साल में फीस दोगुनी की पर नहीं बढ़ाया मासिक खर्चा



विदिशा। जूनियर्स डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज को डीन को ज्ञापन सौंपा।

**सुनवाई नहीं होने पर जूनियर डॉक्टरों ने हड़ताल पर जाने की दी है चेतावनी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अटल बिहारी वाजपई मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर ने मंगलवार को मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता को चिकित्सा शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें उन्होंने अपने स्टाईपेंड में बढ़ोतरी करने की मांग की है।

जूनियर डॉक्टरों ने बताया कि अन्य राज्यों में राशि में 43 फ़ीसदी वृद्धि की गई है। जबकि मप्र में यह सबसे कम है। उसे बढ़ाए जाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। इस बार सुनवाई न होने और राशि न बढ़ाने की सूरत में हड़ताल की चेतावनी जूनियर डॉक्टर्स ने दी है। वहीं डॉक्टरों का कहना है कि जिस प्रकार से वह इंटर्नशिप के दौरान अस्पताल में काम कर रहे हैं उसके मुकाबले उन्हें स्टाईपेंड बहुत कम मिल रहा है। उन्होंने बताया कि 2018 के बैच में एमबीबीएस कर रहे विद्यार्थियों की फीस 50 हजार थी और उनका स्टाईपेंड 24 परसेंट के हिसाब से 12 से 13 हजार था, लेकिन 2019 से ही फीस 1 लाख कर दी गई, लेकिन स्टाईपेंड वही 24 परसेंट के हिसाब से दिया जा रहा है। अटल बिहारी वाजपई मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल की दशा में मरीजों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है।

---

# विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई ने 60% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 980 छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**विदिशा।** भारतीय विद्यार्थी के स्थापना दिवस पर मंगलवार को एसएटीआई कॉलेज में छात्र सम्मेलन हुआ। कक्षा 12 में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं जिन्होंने इस वर्ष 60% से अधिक अंक अर्जित किए हैं वह सभी एकत्रित हुए।

मुख्य अतिथि के रूप में अभा विद्यार्थी परिषद के प्रांत मंत्री संदीप वैष्णव, विभाग संयोजक विवेक विश्वकर्मा, नगराध्यक्ष राजीव ठाकुर, नगर मंत्री प्रबल शर्मा ने कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्य वक्ता संदीप वैष्णव ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संपूर्ण राष्ट्र में छात्रों के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। विद्यार्थी परिषद की स्थापना से लेकर अब तक 76 वर्ष में विद्यार्थी परिषद ने जो ख्याति अर्जित की है वह अन्य कोई संगठन नहीं कर सकता। विदिशा नगर इकाई ने प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को उनके द्वारा किए गए प्रदर्शन के आधार पर सम्मानित किया। कार्यक्रम के बाद वर्ष 2024-25 के लिए अभा विद्यार्थी परिषद की नगर कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें नगराध्यक्ष राजीव ठाकुर और नगर मंत्री प्रबल शर्मा को घोषित किया गया। नगर के 15 विद्यालय से उपस्थित 980 छात्र-छात्राओं को मेडल सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर नगर मंत्री प्रबल शर्मा ने आभार माना।





---

# आवक जावक कार्यालय में सो रहा था कर्मचारी, फरियादी ने गेट पर खड़े होकर वीडियो बनाया तो कमरे में खींचकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पुलिस विभाग के आवक जावक कार्यालय में सो रहे कर्मचारी का वीडियो बनाना एक फरियादी को महंगा पड़ गया।

मंगलवार को कुरवाई तहसील के अंतर्गत खोंगरा गांव निवासी हरिओम पाल अपने भाई की हत्या के मामले में जांच की फरियाद लेकर एसपी कार्यालय पहुंचा था। अधिकारियों ने उससे कहा की कक्ष क्रमांक 105 आवक जावक शाखा में जाकर आवेदन दे दो। हरिओम कक्ष में पहुंचा तो वहां पहले से चार-पांच फरियादी बैठकर इंतजार कर रहे थे। कार्यालय के अंदर पुलिस विभाग में आवक जावक का कर्मचारी गजेंद्र राठौर गहरी नींद में सो रहा था। कई बार जगाने पर भी गजेंद्र की नींद नहीं खुली तब फरियादी हरिओम पाल ने उनका वीडियो बना लिया।

अचानक कर्मचारी की नींद खुली तो उसने हरिओम को कमरे के अंदर खींचकर मारपीट कर दी और मोबाइल छीनकर वीडियो डिलीट कर दिया। फरियादी का कहना है कि वह अपनी फरियाद लेकर यहां आया था। एएसपी प्रशांत चौबे ने पीड़ित की शिकायत की निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया है।



---

# एक साथ लगी बारातों से सड़क पर लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शादियों के मुहूर्त शुरू होते ही सड़कों पर जाम की स्थित बनने लगी है। मंगलवार रात 8.30 बजे नीमताल से अस्पताल रोड़ और नीमताल से गुलाब वाटिका की ओर जाने वाली सड़क पर बारातों के कारण जाम की स्थिति बन गई। वहीं मुख्य बाजार में भी वाहनों के अव्यवस्थित खड़े होने के कारण मंगलवार को कई बार जाम लगा। इधर मैरिज गार्डन संचालकों के पास पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने के कारण शादियों के सीजन में सड़कों पर वाहन खड़े होने के कारण जाम की स्थित बनती है। इसके बाद भी मैरिज गार्डन संचालकों पर कार्रवाई नहीं की जाती। गार्डन संचालकों के पास भी फायर सेफ्टी की व्यवस्था नहीं है। जबकि इनमें एक साथ हजारों की संख्या में लोग एकत्रित होते हैं। प्रशासन हादसों के बाद ही जागता है।

### आर्थिक कल्याण योजना प्रारंभ की

**विदिशा।** जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण के लिए संत रविदास स्वरोजगार योजना एवं डॉ भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना प्रारंभ की गई है। इन योजनाओं में ऋण आवेदन फार्म मप्र शासन के एमपी ऑनलाइन पोर्टल **https:// samast. mponline. gov.in** के माध्यम से किया जा सकता। इस योजना के अंतर्गत केवल नवीन उद्यमों की स्थापना हेतु देय होगा। केवल अनुसूचित जाति वर्ग के आवेदकों के पास निम्नानुसार अर्हता एवं वित्तीय सहायता संबंधित प्रावधान होंगे। ईकाई के लिए राशि रुपए एक लाख से 50 लाख तक की परियोजनाएं स्वीकृत की जाएंगी।

---

# हाईवे पर मवेशियों को हटाने पेट्रोलिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

हाईवे पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सरकार ने एक नई पहल की है। सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग से आवारा जानवरों को हटाने के लिए पेट्रोलिंग वाहन को तैनात किया है।

पेट्रोलिंग वाहन नियमित रूप से राजमार्ग की जांच करेंगे और आवारा जानवरों को हटाएंगे, जिससे वाहन चालकों को राहत मिलेगी और दुर्घटनाओं का खतरा कम होगा। सबसे ज्यादा मवेशी भोपाल सागर नेशनल हाईवे पर देखे जा रहे हैं। इसके अलावा अन्य सड़कों पर भी जमावड़ा रहता है। नेशनल हाईवे पर जगह-जगह आवारा मवेशियों के झुंड सड़कों के बीचों बीच बैठे देखे जा सकते हैं। सरकार ने नेशनल हाईवे पर आवारा पशुओं को हटाने के लिए एक पेट्रोलिंग वाहन और एक एम्बुलेंस को तैनात किया है जो जिले से गुजरने वाले 60 किमी तक के हाईवे को मवेशियों से मुक्त रखेगा।

कलेक्टर ने बताया कि नेशनल हाईवे पर हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए शासन ने ट्रायल बेस पर तीन महीने के लिए यह योजना शुरू की है। इसके अंतर्गत जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे पर पेट्रोलिंग वाहन और एम्बुलेंस तैनात रहेगी, जो हाईवे पर बैठने वाले पशुओं को गोशाला छोड़ेगी। कोई घायल पशु है तो एम्बुलेंस में मौजूद डॉक्टर उसका इलाज करेगा।

हाईवे के पास में स्थित गांवों में मुनादी कराई गई है ताकि ग्रामीण अपने पशुओं को सड़क पर न छोड़े। अगर हाईवे पर कोई पशु मालिकों के पशु मिलते है तो उन पर 500 रुपए का जुर्माना किया जाएगा। पेट्रोलिंग वाहन रोज 12 घंटे हाईवे की निगरानी करेगा।





विदिशा। कलेक्टर सहित विधायक व नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने भी दिखाई झंडी।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2550
उच्चतम भाव-3370
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2480
उच्चतम भाव-3000
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2521
उच्चतम भाव- 2525
चना
न्यूनतम भाव- 4800
उच्चतम भाव- 6712
मसूर
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-6495
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3010
उच्चतम भाव-4411
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4130
उच्चतम भाव-5600
सरसों
न्यूनतम भाव-4100
उच्चतम भाव-5911
उड़द
न्यूनतम भाव-6000
उच्चतम भाव-7530
मूंग
न्यूनतम भाव-4260
उच्चतम भाव-7726
धान
न्यूनतम भाव-1110
उच्चतम भाव-2700
बटरी
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3000

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मंडी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 6914 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### औसत वर्षा दर्ज

**गंजबासौदा।** जिले में इस वर्ष अब तक 255.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज हो चुकी है। तहसील में स्थापित वर्षामापी यंत्र पर मंगलवार गंजबासौदा में 44.2 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। अभी तक गंजबासौदा में 182.2 मिमी वर्षा दर्ज हो चुकी है।

### किशोर की डूबने से मौत

**गंजबासौदा।** समीपस्थ ग्राम साहबा में मंगलवार को खदान में भरे पानी में नहाने गए 14 वर्षीय शुभम अहिरवार पुत्र संतोष अहिरवार की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने शव बाहर निकाला और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### राजकुमारी तोमर का निधन



**गंजबासौदा।** भीम सिंह तोमर की पत्नी एवं महेंद्र, जितेंद्र, विकास तोमर की माताजी राजकुमारी तोमर का निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास वार्ड 15 मिर्जापुर से पराशरी विश्राम घाट के लिए शाम के समय निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## संबंधित कंपनी ने शीघ्र सुधार नहीं किया तो की जाएगी कार्रवाई

# एलईडी और स्ट्रीट लाइट लगाने में लापरवाही पर नपा ने दिखाई सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा पीपीपी मॉडल पर आधारित स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में सुधार को लेकर कदम उठाया गया है। ज्ञात हो कि पीपीपी मॉडल पर आधारित स्ट्रीट लाइट व्यवस्था एक कंपनी द्वारा जा रही है, वह संतोषजनक नहीं है। उपरोक्त कार्य के संबंध में कई बार मौखिक एवं लिखित रुप से निर्देशित किया गया परंतु कार्य में सुधार नहीं किया गया। जिससे जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों द्वारा प्रतिदिन स्ट्रीट लाइट की शिकायत की जा रही है। इस संबंध में नगरपालिका सीएमओ द्वारा आदेश जारी किया गया है कि शीघ्र स्ट्रीट लाईट व्यवस्था में सुधार किया जाए अन्यथा कंपनी के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि शहर की स्ट्रीट लाइटों को सुधारकर एलईडी लाइट लगाने वाली कंपनी के कार्य से आमजन लगातार परेशान हो रहे हैं। बारिश के मौसम में हवा, पानी के कारण कई वार्डों सहित मुख्य मार्गों की स्ट्रीट लाईटें बंद होने की शिकायतें मिल रही हैं और बारिश में गलियों के अंदर अंधेरा बना हुआ है। शिकायतों के बाद भी ठेका लेने वाली कंपनी के कर्मचारी समय पर नहीं पहुंच पा रहे हैं।जिससे नागरिकों में रोष है।

शहर में स्ट्रीट लाइट लगाने का ठेका मुम्बई की ई-स्मार्ट एनर्जी सोल्यूशन प्राइवेट कंपनी को विदिशा जिले के कलस्टर के अंतर्गत मिला है। जिसके अंतर्गत यह कंपनी विदिशा जिले की नगर पालिकाओं और नगर परिषद् में स्ट्रीट लाइन लगाने का कार्य कर रही है, लेकिन कंपनी द्वारा जो स्ट्रीट लाइटें विद्युत पोलों पर लगाई जा रही हैं। वह 24 घंटे में ही बंद चालू हो जाती हैं। कई बार दो-दो, तीन-तीन दिन तक गलियों में अंधेरा पसरा रहता है। तकनीकी फाल्ट आने के कारण कंपनी के कर्मचारी उसे ठीक नहीं कर पाते। शहर में स्ट्रीट लाइट के स्थान पर एलईडी लगाने के लिये करीब 5 साल पहले नगरीय प्रशासन द्वारा पीपीपी मॉडल तैयार किया गया था। जिसके अंतर्गत कलस्टर बनाकर भोपाल से ही टेंडर प्रक्रिया जारी की गई थीं और तीन माह बाद यह कंपनी द्वारा शहर में स्ट्रीट लाइट बदलने का कार्य प्रारंभ कर दिया था। स्मार्ट एनर्जी सोल्यूशन प्राइवेट कंपनी को शहर की आबादी के अनुसार वार्डों में विद्युत पोलों पर स्ट्रीट लाइटें लगाने का वर्क आर्डर मिलते ही उसने कार्य को प्रारंभ तो किया लेकिन शहर के कई वार्ड ऐसे हैं जो मुख्य मार्ग की श्रेणी में आते हैं, उनमें भी कम वॉट की एलईडी लगाई गई हैं, जबकि मुख्य मार्गों पर बड़ी एलईडी लगी हैं। सिरोंज चौराहा से रजौदा रोड जाने वाले मार्ग पर भी कम वॉट की एलईडी लगाई गई हैं, जबकि यह मार्ग न्यायालय पहुंचने के लिए मुख्य मार्ग है। वार्ड की कई गलियों में यह एलईडी मौसम के हिसाब से जलती हैं। शिकायत करने के बाद भी काम नहीं हो पाने से रहवासी परेशान थे। इस कारण नपाध्यक्ष की आपत्ति के बाद सीएमओ ने सख्त आदेश जारी किए हैं।

## विजन सेंटर पर 198 मरीजों के नेत्रों की चिकित्सक ने की जांच




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सदगुरु विज़न सेंटर पर डॉक्टर राजकरण वर्मा एवं डॉ. अनूप द्विवेद, कैंप इंचार्ज मोहन सिंह जादौन 198 मरीजों के नेत्रों का परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बताएं। विशेषज्ञों ने मरीजों से अनुरोध किया कि व प्रत्येक माह में अपने नेत्र परीक्षण कराएं, ताकि नेत्रों से होने वाली परेशानियों से सामना न करना पड़े। इस अवसर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले, डॉ एके जैन, आशा अग्रवाल ने कहा कि स्वर्गीय रणछोड़ दास की कृपा से आनंदपुर ट्रस्ट द्वारा इस वर्ष 51263 से अधिक ऑपरेशन किए हैं जो की एक अनुकरणीय उदाहरण है। इस अवसर पर समाजसेवी गणेशराम रघुवंशी, विनीता गोयल, विजय अरोरा ने कहा कि आगामी दिनों मे ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र शिविरों का आयोजन किया जाऐगा। लायंस क्लब ने मरीजों को फल एवं बिस्किट वितरित किए। इस दौरान महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, देवेंद्र सिंह रघुवंशी देबू, हेमंत भंडारी ने अपना सहयोग प्रदान किया। इस दौरान 97 लोगों को दवाइयों का वितरण किया गया, वहीं 39 से अधिक लोग मोतियाबिंद के मरीज चिन्हित किए गए तथा 29 लोगों को चश्मा प्रदान किये गए। इस अवसर पर सरदार सिंह सिसोदिया, दिनेश वर्मा, रामकुमार शर्मा, राकेश सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## जन्मदिन पर श्मशान घाट पर किया पौधरोपण



**गंजबासौदा।** ग्राम उदयपुर के समाजसेवी एवं वरिष्ठ नागरिक प्रेम कपूर के 65 वे जन्म दिवस के अवसर पर उनके द्वारा एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्मशान घाट में पौधारोपण किया गया। इस दौरान उन्होंने लोगों को एक संदेश दिया कि सभी लोग मिलकर अपने-अपने जन्म दिवस के अवसर पर पौधारोपण कर जन्म दिवस मनाये। इस अवसर पर ग्राम के अनेक वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर गर्भवती महिलाओं की हुई जांच




हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

मंगलवार को त्योंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्र की सैकड़ो गर्भवती महिलाओं ने जांच करवाई। इस दौरान सीएचआईओ रश्मि सिंह द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। जिन महिलाओं को खून की कमी थी उन्हें आयरन की बोतल एवं गोलियां, कैल्शियम की गोलियां, बीपी, शुगर की गोलियां दी गई। क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताओं द्वारा हर जगह से गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य केंद्र लाकर जांच एवं दवाएं उपलब्ध करवाई गईं। इस दौरान दर्जनों महिलाऐं मौजूद थीं।

### सीसीकरण कार्य प्रगति पर

**गंजबासौदा।** इन दिनों मील वाली माता मंदिर रोड का सीसीकरण कार्य प्रगति पर है। सड़क का सीसीकरण हो जाने से यहां के रहवासियों एवं मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को कीचड़ एवं धूल से निजात मिल जाऐगी। वहीं त्योंदा रोड से सीधे रेलवे स्टेशन तक आना जाना भी आसान हो जाएगा। रहवासियों एवं वाहन चालकों ने नपाध्यक्ष द्वारा जनहित में कराए जा रहे निर्माण कार्यों एवं सौंदर्यकरण की प्रशंसा करते हुए नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव का आभार माना है।



### श्रीमद् भागवत कथा व श्रीराम हनुमत महायज्ञ के समापन पर हुआ भंडारा



**गंजबासौदा।** मंगलवार ईदगाह रोड आशुतोष नगर वार्ड नंबर 21 में हो रही श्रीमद् भागवत कथा श्री राम हनुमत महायज्ञ का समापन एवं कथा का विश्राम हुआ। जिसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें नगर के समस्त भक्तगणों ने उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया। इस दौरान होली उत्सव फूलों की होली के साथ भक्तों ने झूमते हुए मधुरमय संगीत भजनों का आनंद लाभ प्राप्त किया। कथा व्यास पंडित ऐलिया ने कहा जहां जिस स्थान पर कथा होती है वहां पर साक्षात रूप से भगवान का वास होता है। भगवान की कथा सुख को देने वाली है पीड़ा को हरने वाली है कष्ट को हरने वाली है। भजन से मन शांत होता है। यज्ञ में उपस्थित मुख्य यजमान सोनम बलराम सिंह राजपूत, राजन, बृजेश भोला, इंद्र सिंह ने यज्ञ भंडारे एवं भागवत की समस्त व्यवस्थाओं को देखा। साथ में वार्ड नंबर 21 आशुतोष नगर कॉलोनी वासियों ने भी पूर्ण श्रम सहयोग दिया। सुदामा द्वारकाधीश चरित्र वर्णन गाते हुए महाराज ने अपनी वाणी को विश्राम दिया। भगवान को धन दौलत नाना प्रकार की आभूषणों की आवश्यकता नहीं है। भगवान तो प्रेम की भूखे हैं सुदामा का भगवान से जो प्रेम था आत्मीय प्रेम था आत्मीय प्रेम भाव को देखकर भगवान जी अपने महल में से बाहर निकले दौड़ते हुए नंगे नंगे पर सुदामा से मिलने पहुंच गए। भगवान को यदि प्राप्त करना है तो प्रेम के द्वारा ही किया जा सकता है। भगवान भाव के भूखे है प्रेम के भूखे हैं उक्त वाणी को कहते हुए महाराज ने कथा को विश्राम दिया।

## त्योंदा पुलिस ने हत्या के आरोपियों को पकड़ा



**त्योंदा।** त्योंदा पुलिस द्वारा हत्या करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में त्योंदा थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर बीएनएस की धारा 103(3), 296, 115(2), 351(3), 3(5) के फरार आरोपी हल्के आदिवासी उम्र 50 वर्ष, मुकेश आदिवासी उम्र 20 साल निवासी ग्राम खोंगरा को मुड़री की खदान के पास से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया, जबकि शेष अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। गिरफ्तार शुदा आरोपीगण को मंगलवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी, जेपी मालवीय, शिव प्रसाद विश्वकर्मा, सत्येंद्र सिंह, सुभाष, राहुल भास्करे, रविन्द्र तोमर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण परेशान

**गंजबासौदा।** इन दिनों ग्राम भाटनी के ग्रामीण बिजली की आंख मिचौली से खासे परेशान हैं। यहां के ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कभी भी बगैर सूचना के बिजली प्रदाय बंद कर दिया दिया जाता है। सुबह से लेकर रात्रि तक कई बार बिजली गुल होती है। जब बिजली आती है तो कभी वोल्टेज कम तो कभी ज्यादा होता रहता है। जिससे बिजली से चलने वाले उपकरण सीएफएल, एलईडी, ट्यूबलाइट, बल्व, टेलीविजन, होमथिएटर, फ्रिज, कूलर, पंखे, कम्प्यूटर आदि खराब हो रहे हैं। ग्रामीणों ने विद्युत वितरण कंपनी से ग्रामीण क्षेत्र में की जा रही अघोषित बिजली कटौती को बंद करने की मांग की है।

### 15 जुलाई को होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन




**गंज बासौदा।** जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी भगवान सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजनांतर्गत 15 जुलाई को नवीन कृषि उपज मंडी कंजना पठार पर सामुहिक विवाह, निकाह का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन में सम्मिलित होने के लिये वर एवं वधु को जनपद पंचायत बासौदा का निवासी होना आवश्यक है। योजनांतर्गत विवाह, निकाह हेतु पात्र आवेदन पत्रों को दिनांक 12 जुलाई तक जनपद पंचायत में जमा कराना अनिवार्य होगा। इसके पश्चात आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगे। आवेदन पत्र में संलग्न जांच प्रतिवेदन पर ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, आंगनवाडी कार्यकर्ता, कोटवार तथा क्षेत्र के एडीईओ, पीसीओ से अनिवार्यतः विवाह संबंधी टीप अंकित कराना अनिवार्य होगा। वर एवं वधु की आयु क्रमशः 21 वर्ष एवं 18 वर्ष पूर्ण हो एवं पूर्व में विवाह न होने संबंधी जांच की जावेगी। वर-वधु की समग्र आईडी एवं बैंक खाते में आधार ईकेवायसी एवं डीबीटी होना आवश्यक है।

## श्रमदान दल ने मिलकर किया छह पौधों का रोपण

# यूनियन बैंक और सीएम राइज स्कूल के सहयोग से पौधे रोपे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया और सीएम राइज स्कूल के सहयोग से श्रमदान दल ने छह पौधों का रोपण किया। 85 पौधे की श्रंखला में श्रमदान दल द्वारा अभी तक सत्ताईस पौधे लगाए जा चुके हैं। चार महीने, सत्रह सप्ताह और 85 पौधे के लक्ष्य के साथ श्रमदान दल द्वारा पौधरोपण अभियान 3.0 के तहत प्रारंभ किए गए जन-जन विशेष पौधारोपण अभियान के अंतर्गत दल द्वारा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया एवं सीएम राइज स्कूल के सहयोग से सीएम राइज स्कूल परिसर में बादाम, अशोक, बेलपत्री,सिल्वर, ओक एवम फॉक्सटेल सहित कुल छह पौधे रोपित किए। जन्मदिन पर, वैवाहिक वर्षगांठ पर एवं अपने पूर्वजों की पुण्य स्मृति में कम से कम एक पौधा लगाने की अपील के साथ श्रमदान दल लगातार लोगों को पौधा लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। मंगलवार को भी पौधारोपण के दौरान दल के सदस्यों ने स्कूली बच्चों को पौधे के लगाने की आवश्यकता और वृक्षों से पर्यावरण को होने वाले फायदे के बारे बताते हुए स्कूल के बच्चों सहित शिक्षकों एवम बैंक स्टाफ से अपने जन्मदिन के अवसर पर कम से कम एक पौधा लगाने का आव्हान किया। पौधारोपण के दौरान यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया के मैनेजर हेमंत जैन द्वारा बताया गया कि जैसे जिंदा रहने के लिए जल की आवश्यकता है उसी प्रकार पृथ्वी पर जल की आपूर्ति के लिए पेड़ों का होना अत्यंत आवश्यक है।

याद रहे पेड़ है तो ही जल है, तो सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य महेंद्र सिंह रघुवंशी ने कहा कि पर्यावरण में पेड़ों का वैसा ही महत्व है जैसा मानव जीवन में सांसों का महत्व है। सांसे हैं तभी मानव जिंदा है और मानव का जीवन संभव है। इसलिए हर व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी और दायित्व है कि वह हर वर्ष ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए। जन सहयोग से दल द्वारा चलाए जा रहे जन-जन विशेष पौधारोपण कार्यक्रम में मंगलवार को दल द्वारा लगाए गए छह पौधे में दो पौधे के लिए यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया से, एक पौधा सीएम राइज स्कूल स्टाफ की ओर से, एक पौधा जसवंत सिंह राजपूत शिक्षक सी एम राइस से और दो पौधे के लिए हेमंत जैन मैनेजर यूनियन बैंक की ओर से सहयोग प्राप्त हुआ। ज्ञात हो कि दल सहयोगकर्ता से 1000 की राशि ट्री गार्ड के लिए लेता है जबकि पौधा की राशि श्रमदान दल द्वारा वहन की जा है साथ ही दल सहयोगकर्ता की स्वेच्छा अनुसार पौधा उपलब्ध कराता है।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में हुई मरीजों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वावधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा तथा सेवाभावी संस्था दमयंती धर्मकांटा सेवार्थ के सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला में सोमवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नेत्र शिविर का निशुल्क कैंप आयोजित किया गया। जिसमें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय से नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर हरि प्रसाद, विदिशा सेंटर संचालक रविंद्र रघुवंशी, रिसेप्शनिस्ट नीतू श्रीवास्तव द्वारा 92 मरीजों की ओपीडी की गई। इसमें से 32 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया एवं 42 नेत्र रोगियों को जांच पश्चात निशुल्क दवाइयां दी तथा 15 नेत्र रोगियों को चश्मा बनवाने परामर्श दिया गया। इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, समिति के सचिव सुरेश तनवानी, योगेश शाह, सह सचिव विनीत अरोरा, राम गोपाल गुप्ता, रेलवे विभाग से हेमंत राय, प्रकाश माहेश्वरी,बीपी एवं शुगर जांच सहयोगी महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, प्रदीप नेमा, नेतराम मिश्रा, नाटु भाई पटेल , मैनेजर रामबाबू दुबे, मैनेजर देवीलाल कुशवाह सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### एसडीएम ने तत्काल मौके पर मंडी प्रागण पहुंचकर पानी निकासी के दिए निर्देश

# कृषि उपज मंडी व नपा द्वारा बारिश के पूर्व चलाए सफाई अभियान का फूटा मटका, शहर हुआ पानी से लबालब





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

कृषि उपज मंडी समिति व नगर पालिका परिषद द्वारा बरसात के पूर्व मण्डी व नगर के मुख्य बाजार में नपा द्वारा शहर में पानी का भराव न इसके लिए मण्डी प्रशासन व नपा प्रशासन ने इस कार्य के लिए बरसात के 6 माह पहले लाखों रूपये के कार्यो कराए थें। लेकिन सोमवार को हुई 15 मिनट की पहली बारिश में दोनो संस्थाओं की कलई खुलकर सामने आ गई। सोमवार को नगर की पुराने मण्डी प्रांरण में 15 मिनट की बारिश में ही पानी भरा जाने पूरा मण्डी प्रागण तालाब में तबदील होता नजर आया। प्रागण में बारिश का पानी भरा जाने की जानकारी प्राप्त होते ही एसडीएम हर्षल चौधरी मण्डी का निरीक्षण करने पहुचें। वही एसडीएम हर्षल चौधरी ने प्रागण में भरने वाले पानी के निकासी के लिए मण्डी प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि तीन दिन के पानी निकासी के लिए कार्य पूर्ण किया जाए।

#### पहली बरसात में कृषि उपज मंडी के हाल

कभी लंबे इंतजार के बाद जब पहली बरसात हुई तो कृषि उपज मण्डी प्रांगण तालाब में तबदील हो गया। हालात यह हो गए कि मण्डी प्रांगण में रखा व्यापारियो का माल व अन्य सामान पानी में तैरता नजर आया और मण्डी में अफरा तफरी मच गई। बरसात के पूर्व मण्डी प्रबंधन ने जो लाखो रूपये का कार्य कराया था। वह कार्य शायद कागजो में ही कर दिया गया। जबकि बरसात के पूर्व मण्डी का मुख्य द्वार भी बनकर तैयार होना था लेकिन मण्डी प्रशासन के ढीले रवैए के चलते मण्डी गेट अभी भी टोटा पड़ा हुआ। जिस कारण व्यापारियो को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। मण्डी में मुख्य द्वार न होने के कारण रात्रि के समय नगर में घोमने वाले आवारा मवेशी मण्डी प्रागण में अपना डेरा जमा लेते है। वही प्रागण में हो रही गंदगी के बीच व्यापारियो को व्यापार करना पड़ रहा है।

#### पिछले कई वर्षो से होता आ रहा व्यापारियों को लाखों का नुकसान

पिछले कई बर्षो से देखा जा रहा है कि बारिश के कारण मंडी प्रांगण में व्यापारियों की दुकानों में पानी भर जाता है। जिसकी वजह से व्यापारियों को लाखों रुपए का नुकसान भुगतना पड़ता है। विगत कई वर्षो से व्यापारियों द्वारा नगर पालिका प्रशासन से लेकर एसडीएम को ज्ञापन देकर मंडी के समीप नाले नालियो की साफ-सफाई व नाले के पुनर्निर्माण की बात की जा चुकी है। जिसकी वजह से भविष्य में होने वाली बारिश से पानी भर जाने के कारण नुकसान से बचाया जा सके परंतु मंडी प्रशासन द्वारा अनदेखी की जा रही है। मंडी में पानी न भरे इसके लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया। सोमवार को हुई बारिश में मंडी प्रांगण में पानी भर जाने से व्यापारियो को फिर चिता सताने लगी है। वही अनाज तिलहन व्यापार महासंघ के अध्यक्ष समीर भार्गव ने बताया कि कई बार मंडी प्रशासन को इस बारे में अवगत कराया गया पर मंडी प्रशासन गहरी नींद में सोया हुआ है अब बारिश में फिर से पानी भर जाने की वजह से व्यापारियों को लाखों रुपए का नुकसान होगा और इसका खामियाजा भी हमें ही भुगतना पड़ेगा मंडी प्रशासन के सचिव के ऊपर किसी भी तरह की कोई कार्यवाही नहीं होती मंडी सचिव अपनी मनमानी करते हैं और मंडी में फैल रही अव्यवस्थाओं को सुधारने को लेकर कोई कार्य नहीं करते।

#### घरों में घुस जाता है बारिश का पानी

नगर के ऐसे अनेक वार्ड है जहां थोडी ही बारिश में नागरिको के घरो में पानी घुस जाता है। जिस कारण वार्डवासियो को काफी नुकसान के साथ अनेको परेशानियो का सामना करना पड़ता है। नपा लाखो रूपये के बिल लगाकर शहर के नाले नालियो की सफाई का दावा करती है। लेकिन कई वर्षो से देखा जा रहा है कि 10-15 मिनट की बारिश ही नपा से सफाई अभियान पर पतीला लग जाता है। नगर के कई वार्ड ऐसे है जहा थोडी ही बारिश में सड़के नादियो में तबदील हो जाती है। जिन्हें देखने में ऐसा लगता है कि जैसे कि नदी किराने मकान बनें। शहर की नालियो की नियमित सफाई नहीं होने के कारण नालियां कचरों से भरी रहती है। इस कारण बारिश का पानी निकलने की बजाए लोगो के घरो में जा घुसता है। हल्की बारिश में नालिया जाम होकर गंदे पानी की उलटी सड़कों पर कर देती है। जिसके कारण लोगो को भारी फजीहत का सामना करना पड़ता है।

#### पानी से लबालब हो जाती है सड़कें

शहर के कष्टम पथ, कहारा बाजार, बडा पुरा, कटरा मोहल्ला, ढाल बाजार, सहित शहर के कई अन्य वार्डों के रास्ते पानी से लबालब हा जाते है। जिसके कारण जहां दुकानदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है दूसरी और दुपहिया व तिपहिया वाहन चालकों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता। यहां से निकलते समय बरसात का पानी बाइकों के इंजनों के अंदर चले जाने के कारण बाइक बंद हो जाती है। वही कई नागरिक अपनी बाइकों धक्का लगाते नजर आते है । लोगों का कहना था कि नपा द्वारा पानी निकासी और साफ-सफाई के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जाते है लेकिन उसके बावजूद भी समस्या ज्यों कि त्यों बनी रहती है। वही नागरिको का कहना है कि नपा द्वारा सफाई के नाम पर खर्च की जाने वाली लाखो रूपये की राशी आखिर कहां जा रही है।

#### इनका कहना है

शहर में जिन जगह बारिश के पानी की निकासी नहीं हो पा रही है उसके लिए व्यापक प्रबंध किए जाएगें।

**पवन शर्मा,** सीएमओ नगर पालिका परिषद सिरोंज

**पानी निकासी के कार्य प्रारंभ किए**

सोमवार को मण्डी प्रागण में पानी भराने के बाद एसडीएम साहब ने मण्डी का तत्काल निरीक्षण किया था और उन्होने निर्देश दिए है कि पानी निकासी के लिए तत्काल व्यवस्था की जाए। जिसके लिए हमनें पानी निकासी के लिए कार्य प्रांरभ कर दिया है।

**रमेश चन्द्र अहिरवार**
सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति सिरेंज

**मंडी में जाकर किया निरीक्षण**

मुझे जैसे ही मण्डी में पानी भरे जाने की जानकारी प्राप्त हुई तो मैने मण्डी पहुचकर तत्काल पानी निकासी के लिए व्यवस्था के निर्देश दिए है। साथ ही शहर में जिन इकालों में पानी भराव की समस्या होती है वहा भी पानी निकासी की व्यवस्था के लिए नपा को निर्देशित किया है।

**हर्षल चौधरी,** एसडीएम सिरोंज

---

### डॉक्टरों ने किया भोपाल रेफर

# नकली तेल के सेवन से परिवार के 4 बीमार

**नगर में खुलेआम बेची जा रही नकली खाद्य सामग्री**






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर में दूषित मीठे तेल की बिक्री होने के कारण खाद्य विभाग द्वारा इस क्षेत्र में कोई जांच पड़ताल नहीं होने के कारण सिरोंज से कुछ किलोमीटर दूर ग्रामीण क्षेत्र में दूषित मीठा तेल ले जाने के बाद एक परिवार को फूड पाइजिनिंग हो गई। उक्त परिवार को गंभीर हालात में सिरोंज अस्पताल में भर्ती किया गया। अस्पताल में भर्ती होने बाद उन व्यक्तियो की हालात में सुधार न होने के कारण उन्हें भोपाल रेफर किया गया।

उल्लेखनीय है कि सिरोंज में काफी लंबे समय नकली मीठे तेल की पैकिंग करकर बेचा जा रहा है। पूर्व में आरोन रोड स्थित रोहिलपुरा चौराहा के समीप एक व्यक्ति द्वारा अपने निवास स्थान पर कीर्ति कंपनी का ऑयल का ब्राड लगाकर नकली तेल बेचने का मामला सामने आया था। वही व्यापारी से साठगाठ कर खाद्य विभाग द्वारा कार्यवाही के नाम पर लीपापौती कर दी गई थी। खाद्य विभाग द्वारा मिलावट खोरो पर कोई कार्यवाही न करने को लेकर शहर में मिलावट खोरो के हौसले बुलंद होते जा रहे है। वही नकली सामग्री का उपयोग करने पर आए दिन कई नागरिक बीमारियो का शिकार हो रहें है।

#### असली ब्रांड के नाम पर बेच रहे नकली माल

नगर में बिकने वाले मिठा तेल हो या फिर अन्य खाने की सामग्री सिरोंज में कुछ व्यक्तियों द्वारा अपने घर पर ही बडी-बडी कंपनियो के तेल, घी, मसाले सहित अनेक खाद्य पदार्थ बाजारों में बेचने के लिए सप्लाई किए जा रहें है। इन चीजों का उत्पादन करने वाली कंपनियो को भी यह पता नही रहता कि हमारे ब्रांड का उपयोग नकली सामग्री बेजने के लिए किया जा रहा है।

विगत वर्ष पूर्व कीर्ति ऑयल कंपनी का ब्रांड का सहारा लेकर कई वर्षो से एक व्यक्ति द्वारा सिरोंज सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में नकली तेल की सप्लाई की जा रही थी। जिसकी पोल खुलने के बाद उक्त कंपनी के कुछ लोग मिलावट करने वाले व्यक्ति के निवास पर पहुचें थें और मिलावट खोर पर कार्यवाही के लिए खाद्य विभाग की टीम को सूचना दी थी। लेकिन खाद्य विभाग द्वारा उक्त मामले में कागजो में ही कार्रवाई कर दी गई थी। जिसका खमियाजा शहरवासियो को भुगतना पड रहा है। उक्त मिलावट खोर व्यक्ति द्वारा व्यापारी संगठन के पद का सहारा लेकर प्रशासन अधिकारियो व खाद्य विभाग के अधिकारियो से साठगाठ संगठन के नाम पर दबाव बनाया जाता है। पिछले 6 माह पूर्व खाद्य विभाग की टीम सिरोंज में जब निरीक्षण पर निकली और जब टीम किराना दुकानो का निरीक्षण कर रही थी। तब उक्त मिलावट खोर व्यक्ति द्वारा खाद्य विभाग की महिला अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार किया गया।

#### इनका कहना है

मामले की जानकारी प्राप्त होते ही मैंने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है। खाद्य विभाग की टीम आकर खाद्य सामग्री का निरीक्षण करेगी। मैं स्वयं उक्त दुकान पर जाकर तेल की शुद्धता को देखता हूं।

**हर्षल चौधरी,** एसडीएम सिरोंज

---

## एक पेड मां के नाम अभियान के तहत प्रतिदिन हो रहा पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण अभियान शुरू हो चुका है। नपं. द्वारा नगर में वृक्षारोपण अभियान शुरू किया जा चुका है। हजारो वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी के साथ सरकारी स्कूलों, पर्यावरण, वृक्षारोपण प्रेमी और संस्थाएं भी नगर में पौधरोपण के लिए सक्रिय बनी हुई। प्रतिदिन नगर में पौधरोपण करने के प्रति सक्रियता बनी हुई है।

#### ब्रम्हचारी महाराज ने किया पौधरोपण

पौधरोपण तो प्रतिवर्ष होता है, परंतु इस वर्ष एक पेड़ मां के नाम से चल रहे अभियान में सरकारी के साथ



निजी संस्थाएं और पर्यावरण प्रेमियों की पौधरोपण के प्रति सक्रियता बनी नजर आ रही है। नगर में पौधरोपण के प्रति वर्षो से सक्रिय शरद राठी के पौधरोपण अभियान में महामण्डलेश्वर, कथा व्यास पू. ब्रम्हचारी मांगरोल सम्मिलित हुए। पावर हाउस के पास पौधरोपण अभियान चलाया गया। इसी के साथ सरकारी, प्राइवेट शिक्षण संस्थाओं, न्यायालय परिसर और नपं. द्वारा भी एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर पौधरोपण किया जा रहा है।

## अर्पित बने बड़ा बाजार छात्रसंघ के अध्यक्ष



**सागर।** बड़ा बाजार छात्र संघ के अध्यक्ष अर्पित मिश्रा को बनाया गया है। संघ के संयोजक नरेंद्र चौबे ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बड़ा बाजार छात्रसंघ के संरक्षक लाल चंद घोसी, जगन्नाथ गुरेया, सिंटू कटारे, प्रदीप राजोरिया की सहमति से अर्पित मिश्रा को बड़ा बाजार छात्रसंघ का अध्यक्ष बनाया गया है। छात्रसंघ पिछले चार दशक से छात्रों और सागर शहर के हितों के लिए अपनी कार्य कर रहा है। अर्पित मिश्रा दूसरी दफा बड़ा बाजार छात्र संघ के अध्यक्ष बने है। इनको सभी ने बधाइयां दी है। उन्होंने कहा कि छात्रों के हित में बड़ा बाजार छात्र संघ ने हमेशा लड़ाई लड़ी है। आगे भी छात्रों के हितों के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

## पर्यावरण के प्रति सजग रहना हमारा कर्तव्य : मिस यूनिवर्स प्रगति सेठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

पूरे देश में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लोग पौधरोपण कर रहे हैं। शासकीय अशासकीय संस्थाओं में भी लोग बढ़.चढ़कर इसमें सहभागिता कर रहे हैं। सोमवार को सागर जिले के सुंदरलाल श्रीवास्तव मेमोरियल विधालय में जन परिषद की सहभागिता से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।



संचालक अजय श्रीवास्तव की माता की तेरहवीं पर आयोजित कार्यक्रम में जन परिषद की ब्रांड एंबेसडर मिस यूनिवर्स टाईटैनिक ब्यूटी प्रगति सेठ ने विद्यालय परिसर में कल्पवृक्ष का पौधरोपण कर अभियान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि श्रीवास्तव बंधुओं ने समाज में एक अभिनव पहल की है उन्होंने कहा कि परिवार के किसी बुजुर्ग के जाने की इससे अच्छी श्रद्धांजलि और क्या हो सकती है कि उसकी याद में किसी पौधे का रोपण किया जाये और उसकी सेवा की जाये । जैसे जैसे पौधा बढ़ेगा वैसे ही उस पवित्र आत्मा का आर्शीवाद भी परिवार पर बढ़ता चला जाएगा। उन्होने पर्यावरण का व्यक्ति के जीवन में महत्व बताया। साथ ही उनके इसके संरक्षण के लिए काम करने की अपील की सेठ ने कहा कि अब पर्यावरण के प्रति जागरूक होना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होना चाहिये।

## सप्ताह भर विवाह, बारातों की भरमार, मैरिज गार्डन फुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

2 माह तक विवाह बारातों पर विराम लगा रहा। 9 जुलाई से पुनः बारातों, विवाहों की शुरुआत हो रही है। बीती रात हुई जोरदार बारिश और आने वाले दिनो में भारी बारिश की संभावना से विवाह वाले परिवार ही नहीं, रिश्तेदार, विवाह, बाराती में सम्मिलित होने वाले भी एक-एक तारीख में दर्जनों विवाह से कहा जाए कहा न जाए की उहापोह की स्थिति का सामना करते नजर आ रहे है।

#### सप्ताह में चार लग्न

दो माह विवाह नहीं हुए। अब शुक्र और गुरू के उदय होने के साथ विवाह बारातों की अधिकता बनी हुई है। भंडरिया नवमीं से देव शयन हो जाएगा। इसी कारण 9, 10, 11, 12, 15 जुलाई तक विवाहों बारातों की भरमार बनी रहने की स्थिति बन गई है। परिवारो में जिस प्रकार निमंत्रण पत्र पहुंच रहे हैं। उसमें नगर और ग्रामीण क्षेत्र में एक-एक तिथि पर विवाह बारातों की अधिकता से सम्मिलित होने की उलझन बन रही है।

#### छायादार स्थानों की कमी

बारिश का सीजन चल रहा है, ऐसे समय में विवाह आयोजन गर्मी के दिनों के समान खुले में न होकर छायादार स्थानों पर ही सम्पन्न हो सकते हैं।

इसी कारण नगर के अधिकांश मैरिज गार्डन, बैंड बाजों वाले, रथ और घोड़े बुक होने की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

---

# नर्मदा तट मार्गो में बिना रायल्टी रेत का भारी भंडारण रिछावर व शोकलपुर में अवैध रेत का भारी स्टॉक मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले दिनों जब तक बारिश शुरू नहीं हुई थी, देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी क्षेत्र के नर्मदा तटों से रेत का अवैध उत्खनन, बिना रायल्टी ओव्हर लोड परिवहन करने वालों के विरुद्ध राजस्व और पुलिस द्वारा कार्रवाई कर दर्जनों ट्रेक्टर ट्रालियों को पकड़ा और जब्त किया गया। बारिश में जब नर्मदा की रेत पानी में डूब जाती है, तब रेत नहीं निकल पाती इस कारण रेत माफिया द्वारा मोटी कमाई के लिए नर्मदा तटवर्ती ग्रामो, सड़को के किनारे भारी मात्रा में बिना रायल्टी वाली नर्मदा रेत का स्टाक किया जाता है। सरकार के निर्देशो एवं एसडीएम संतोष मुदगल द्वारा रेत के अवैध भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई का अभियान चलाया जाने लगा है। देवरी क्षेत्र के ग्राम रिछावर,



शोकलपुर में भारी मात्रा में रेत के अवैध स्टाक के विरुद्ध कार्रवाई कर रेत स्टाक को जब्त किया गया।

गर्मी के दिनों में दर्जनों नर्मदा तटो से नर्मदा रेत का मशीनों से उत्खनन और ट्रेक्टर ट्रालियों, डंपरों से ओवरलोड परिवहन कर ग्रामों, नगरों में बेचने का अवैध कारोबार प्रतिदिन मोटी कमाई का जरिया बना रहा। रेत के अवैध कारोबार के प्रति रायमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल का कड़ा रुख और प्रभावी कार्रवाई के निर्देशों पर कभी कभार वाहनों को पकड़ने की कार्रवाई हुई, परंतु ऊंचे पंडरों में रेत भरने वाली मशीने नहीं पकड़ में आईं। नर्मदा तटों से प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों में रेत का बिना रायल्टी और ओवरलोड डंपरों के कारण ग्रामीणों, किसानों की आवागमन सुविधा के लिए बनी सड़के गड्ढों में तब्दील और क्षतिग्रस्त होने से अब भारी परेशानियों का कारण बन रही है।

**मोटी कमाई के लिए रेत का भारी स्टॉक**

वर्षाकाल में रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लग चुका है। इसी कारण जून माह में बारिश न होने के कारण देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों के नर्मदा तटों से मनमाने स्थानों से नर्मदा रेत का भारी खनन और बिना रायल्ट, विभिन्न स्थानो पर चौथ वसूली के कारोबार के साथ नर्मदा तटवर्ती ग्रामों, सड़कों के किनारे सक्रिय रेत माफिया द्वारा भारी मात्रा में स्टाक भंडारण कर रेत के पहाड़ खड़े किए जाते रहे। जब तक नर्मदा मैया का जल स्तर कम नहीं होता, रेत निकलना शुरू नहीं होता, बिना रायल्टी चुकाए स्टाक की गई नर्मदा रेत को मनमाने दामों पर बेचने रेत माफिया सक्रिय बने रहेंगे।

**कार्रवाई के प्रति उदासीनता:** नर्मदा रेत का स्टाक, व्यापार करने के लिए अनुमति लेना अनिवार्य है। जिसके लिए भूमि का खसरा, खतौनी और स्टाक की गई रेत की मात्रा दर्शाना भी जरूरी है। देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों के दर्जनों स्थानों पर रेत के पहाड, नगर के विभिन्न स्थानों पर अवैध स्टाक लगा नजर आ रहा है। कितने लोगो ने स्टाक की अनुमति ली गई, और कितने घनमीटर रेत का स्टाक किया गया। या सबकुछ अवैध और मनमाने ढंग से मोटी कमाई के लिए किया गया है। यदि जांच कार्रवाई न हो तो ऐसा भी समझा जा सकता है कि व्यापक स्तर पर रेत के खेल में मिलीभगत बनी हुई है। एसडीएम के निर्देश और गठित टीम द्वारा देवरी क्षेत्र में कार्यवाही अवैध रेत स्टाक जब्त किया है। अन्य तहसीलों और स्थानो पर खनिज, राजस्व, पुलिस कब कार्रवाई करेगी चर्चाओं का विषय बना हुआ है।

## फोरलेन पर चलाया गो पेट्रोलिंग अभियान मवेशी भगाते नजर आए नपा के कर्मचारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पिछले दिनों कलेक्टर रायसेन एवं जनपद बाड़ी के सीएमओ द्वारा सड़कों से मवेशी हटाने, आवारा मवेशी छोड़ने वालों के विरूद्ध कार्रवाई के पत्र जारी किए गए थे।

नगर हो या ग्रामीण क्षेत्र सड़कों पर आवारा, छुट्टा मवेशियों की भारी संख्या बनी रहती है। वाहन दुर्घटनाएं होने के साथ स्वयं मवेशी घायल और मरती रहती है। पशु पालक मवेशियो को छुट्टा छोड़कर अपने दायित्वों से मुक्त होकर अन्यों के जीवन के खतरा उत्पन्न करते रहते है। इस मुद्दे का एक पहलु यह भी है कि फोरलेन-45 सड़क के किनारो वाली ग्रापं. में गौशालाएं और कांजी हाउस नहीं हैं। जहां गौशालाएं हैं उनकी क्षमता भी बहुत कम है। इसी कारण पशु पालक निर्भय होकर अपनी मवेशियों को छुट्टा छोड़ते हैं।

**गो पेट्रोलिंग शुरू:** मिले निर्देशों के पालन में नपं. के द्वारा फोरलेन-45 बायपास पर गौ पेट्रोलिंग अभियान की शुरूआत कर दी है। नपं. के दर्जनो कर्मचारी फोरलेन-45 बायपास पर डेरा जमाये रहने वाले मवेशियों के झुंडों को मुख्य सड़क से हटाते खदेड़ते रहे। चल रहे अभियान का सीएमओ हरिशंकर वर्मा द्वारा निरीक्षण भी किया जाता रहा। नगर में कांजी हाउस की व्यवस्था दशकों से बंद है। नगर में एक छोटी सी गौशाला है, जबकि छुट्टा आवारा मवेशियों की सेकडो संख्या बनी हुई है। जो नगर की सड़कों, बाजारों, गली, मोहल्लों में विचरण करती रहती हैं।

## खबर संक्षेप

### नप अध्यक्ष प्रति. ने सड़क निर्माण का किया निरीक्षण

**सिलवानी।** नागरिकों के आवागमन को सुलभ व सुरक्षित बनाने को लेकर नगर परिषद के द्वारा नगर में क्षतिग्रस्त हो चुकी सड़को का निर्माण कराया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर के वार्ड पांच में कायाकल्प अभियान के तहत एक सड़क का रिनुवल कोड कराया जा रहा हैं। इस कार्य का निरीक्षण नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक के द्वारा किया गया। 5 लाख 58 हजार की लागत से 140 मीटर लंबाई वाली सड़क का रिनुवल कोड का कार्य कराया जा रहा है। नप अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री नायक ने निरीक्षण के दौरान निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देष दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्ता युक्त किया जावे, लापरवाही न बरती जावे, गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य होने पर कार्रवाही की जाएगी। इस मौके पर वार्ड पार्षद शमीम काजी, टिल्लू नामदेव सहित वार्डवासी आदि मौजूद रहे। ज्ञात रहे कि नप के द्वारा विभिन्न वार्डो में लाखो रुपए की लागत से निर्माण कार्य कराए जा रहे है, कई निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके है जबकि कुछ निर्माण कार्य वर्तमान में चल रहे है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष के अधिकारों का विस्तार

**रायसेन।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल विभाग के प्रशासनिक ढांचे को अधिक कुशल एवं जनोन्मुख बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इसी क्रम में मंत्री ने जिला पंचायत अध्यक्षों द्वारा लगातार की जा रही अधिकारों के विस्तार की माँग पर जिला पंचायत कार्यालयों की महत्वपूर्ण नस्तियों पर जिला पंचायत अध्यक्ष की भागीदारी का निर्णय लिया है। उनके द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सभी जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आदेश जारी किए गए हैं। आदेश अनुसार जिला पंचायतों की सामान्य सभा व सामान्य प्रशासन समिति की कार्य सूची संबंधी, समिति का एजेंडा एवं पारित संकल्पों के पालन संबंधी नस्तियां जिला पंचायत अध्यक्ष के माध्यम से कार्रवाई के लिये उच्च स्तर पर प्रेषित की जायेगी। जिला पंचायत (कार्य) नियम 1998 नियम-5 अनुसार वित्तीय शक्तियों तथा भाग-3 अंतर्गत आने वाले मामलों के प्रस्ताव जिला पंचायत अध्यक्ष के माध्यम से प्रस्तुत होंगे।

### सेवा कालीन प्रशिक्षण कोर्स हेतु आवेदन 15 तक

**रायसेन।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग में एक वर्षीय सेवा कालीन प्रशिक्षण (अग्रेंजी भाषा) प्रारंभ किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण राज्य शिक्षा केन्द्र के अंतर्गत संचालित आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान (इंग्लिश लैंगवेज टीचिंग इन्स्टीट्यूट) में दिया जाएगा। यह कोर्स बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से संबद्ध है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षकों से प्रशिक्षण के लिये आवेदन आमंत्रित किये हैं। आवेदन 15 जुलाई तक जमा कराये जा सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को पत्र लिखकर प्रत्येक जिले से कम से कम 2 पात्र आवेदकों के आवेदन के माध्यम से भेजने के निर्देश दिये गये हैं।

## सरकार के प्रयास के बावजूद भी नहीं हो रहा है कोई सुधार

# पन्नियां बीनकर बच्चे कर रहे अपना गुजारा, आंख मूंदकर बैठे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया का नारा उस तस्वीर के आगे फीका पड़ता दिखाई देता है, जिसमें स्कूल जाने की उम्र में बच्चे थैला लेकर पन्नी बीनने और बाल मजदूरी करते दिखाई देते हैं। अब इसे हमारे सिस्टम की उदासीनता कहें या बाल संरक्षण के प्रति लापरवाही। आज भी शिक्षा के लिए करोड़ों रुपए की योजनाएं बनती हैं, मगर जमीनी स्तर पर आकर दम तोड़ देती हैं। बेरखेड़ी चौराहा, फैक्ट्री चौराहा, सलामतपुर चौराहा और दीवानगंज क्षेत्र में घुमक्कड़ जाति वर्ग के लोग रहते हैं। सुबह दूसरे घरों के बच्चे स्कूल के लिए हाथ में बस्ता लेकर निकलते हैं। इस मोहल्ले के बच्चे हाथ में थैला लेकर कचरा बीनने या बाल मजदूरी करने जाते हैं।

दीवानगंज में घुमक्कड़ समाज के कई बच्चे शिक्षा से वंचित है। कुछ दिन पहले राष्ट्रीय बाल एवं संरक्षण अधिकार आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने डोला घाट हनुमान मंदिर कुलहडिया पर कैंप लगाकर कई बच्चों के परिजनों से भेंट कर तथा बच्चों को मिल रही सुविधाओं का जायजा भी लिया था। कानूनगो ने अधिकारियों से भोपा समाज और अनाथ बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए कहा था। उन्हें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कहा था।

बच्चों को स्कूल में दाखिल कराने के निर्देश दिए थे। छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं का लाभ देने के लिए इनकी जाति का निर्धारण करने के लिए जरूरी कार्रवाई के निर्देश भी दिए थे। क्षेत्र में रह रहे सेहरिया, बछड़ा, सपेरा, गुसाई सहित आदिवासी समाज के लोगों को भी शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के संबंध में निर्देश दिए थे।

दीवानगंज और बेरखेड़ी चौराहा पर ऐसे बच्चे आसानी के साथ मिले जाएंगे, जो कचरा बीनने का कार्य करते हैं। इन सभी बच्चों का स्ट्रीट चिल्ड्रन के अंतर्गत सर्वे कराया जाना चाहिए। कुछ समय चाइल्ड लाइन ने भी सर्वे किया था। मगर स्थिति वैसी की वैसी ही है। शासन इन बच्चों को स्कूल भेजने सहित परिजनों को अन्य कार्यों में लगाए। अभी भी कुछ ऐसे बच्चे हैं जो क्षेत्र में पानी बिनते नजर आ रहे हैं।

### दे रहे योजानाओं का लाभ

*शासन प्रशासन की तरफ से कचरा बीनने वाले बच्चों, अनाथ बच्चों जिनके माता-पिता इस दुनिया में नहीं है। ऐसे बच्चों के लिए सरकार कई योजना लेकर आई है। जिससे बाल मजदूरी के साथ ही पन्नी, कबाड़ा ना बिनना न पड़े। दीवानगंज क्षेत्र में ऐसे कई बच्चे रोज घूमते दिखाई देते हैं। हालांकि कुछ दिन पहले ही यहां पर कैंप लगाया गया था जिसमें कई बच्चों को सरकार की चल रही योजना का लाभ दिया जा रहा है।*

*गिरजेश नायक, दीवानगंज सरपंच*

### शिक्षा के प्रति करें जागरुक

*ऐसे परिवारों के लिए शिक्षा के प्रति जागरुक करना आवश्यक है। इनको समझाना पड़ेगा कि बच्चों को पढ़ाना कितना आवश्यक है, यहां के बच्चे सुबह 6 बजे से ही फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज के आसपास पन्नी बीनते हुए नजर आते हैं उनकी शिक्षा के विषय में कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है सरकार कई तरह से प्रयास कर रही है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहें मगर इसके बावजूद भी घर के बड़े बुजुर्ग अपने बच्चों पर ध्यान नहीं देते हैं। छोटे छोटे बच्चों को सुबह से ही पानी बिन भेज देते हैं।*

*गौरव नायक, दीवानगंज निवासी*

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

# पट्टा न मिलने पर कलेक्टर ने दिए जांच करने के निर्देश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

हर मंगलवार की भांति कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा नागरिकों की समस्याओं, आवेदनों की सुनवाई करते हुए निराकरण किया गया। कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में गौहरगंज तहसील के बरबटपुर से आए ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए बताया कि उनके ग्राम में पिछले दो महीने से बिजली की समस्या है। ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो जाने के कारण बार-बार जल जाता है। कलेक्टर ने मोबाइल पर विद्युत वितरण कम्पनी के अधिकारी को ग्रामीणों की समस्या का शीघ्र समाधान कर अवगत कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में आयीं रायसेन के वार्ड नम्बर-14 निवासी राजकुमारी बाई, कमला बाई सहित अन्य महिलाओं ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए बताया कि उन्हें अभी तक आवासीय पट्टे नहीं मिले हैं। कलेक्टर ने सीएमओ रायसेन सुरेखा जाटव को जांच कराते हुए नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 60 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए जिनमें अधिकांश आवेदन आर्थिक सहायता, पीएम आवास, खाद्यान्न पात्रता पर्ची, विद्युत बिल, अतिक्रमण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि से संबंधित थे।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा सहित अनेक विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## धूनी वाले दादाजी ने किया यज्ञ स्थल का निरीक्षण

# श्रवण माह में होगा सोजनीधाम में रुद्र तथा अभिषेक यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सोजनीधाम में धूनी वाले दादाजी के सानिध्य में श्रवण माह में रुद्र अभिषेक यज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जो कि एक माह तक सतत रुप में चलेगा। यज्ञ स्थल का मंगलवार को धूनी वाले दादाजी ने निरीक्षण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

सामाजिक कार्यकर्ता व कांग्रेस नेता कवींद्र रघुवंशी सिंहपुर ने बताया कि 20 जुलाई से श्रवण माह प्रारंभ हो रहा है। प्रारंभिक दिवस से ही प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सोजनीधाम में यज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसका समापन 20 अगस्त को होगा। एक माह तक धूनी वाले दादाजी का सानिध्य प्राप्त होगा व श्रद्धालुओं को दर्शन का लाभ तथा आशीर्वाद मिलेगा।



निरीक्षण के दौरान धूनी वाले दादाजी ने मौजूद समिति सदस्यों व श्रद्धालुओं से कार्यक्रम को लेकर चर्चा कर विचार विमर्श कर सहयोग का आग्रह किया।

# 24 दिन बाद सीएम राइज स्कूल को मिली 1 बस चंदन पिपरिया रुट के विद्यार्थी बैठकर आए स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थियो को चिन्हित ग्राम से अध्यापन कार्य के लिए स्कूल तक लाने व वापस छोड़ने के लिए प्रदेश सरकार के शिक्षा विभाग के द्वारा 1 बस की सौगात दी गई, बस की यह सौगात मंगलवार की सुबह प्राप्त हुई। स्कूल प्रबंधन ने उक्त बस को मंत्रोच्चार के बाद चंदन पिपरिया रुट पर विद्यार्थियो को लाने के लिए रवाना की, बस को रवाना किए जाने क वक्त स्कूल स्टॉप मौजूद रहा।

जानकारी के अनुसार नगर के सीएम राइज स्कूल को विद्यार्थियो की संख्या के मान से 10 बसे मिलना है। नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ हुए 24 दिन बीतने के बाद एक बस की व्यवस्था मुम्बई की एक कंपनी सोमाया स्कूल बस ट्रांसपोर्टेशन के द्वारा की गई है। हालांकि स्कूल प्रबंधन के द्वारा बसों से विद्यार्थियों को स्कूल तक लाने तथा ले जाने लिए 7 रुट तय किए गए है। जिन पर की बसों का संचालन किया जाना है, लेकिन मात्र एक बस प्राप्त होने से उक्त बस को चंदन पिपरिया रुट पर रवाना किया जो कि बच्चों को स्कूल तक ले कर आई।




### आना है 10 लेकिन अभी आई एक बस

स्कूल प्राचार्य एनपी शिल्पी ने बताया कि 10 बसों की डिमांड भेजी गई थी अभी एक बस मिली है, जिसे कि तय रुट पर भेजा गया जो कि विद्यार्थियो को लेकर आई। शेष बस भी शीघ्र ही आने की संभावना है, बस आते ही सभी तय रुट पर बच्चों को लेने भेजा जाएगा।

## बुद्ध के उपदेशों में मूल्य परक शिक्षा व निर्वाण पर चर्चा

# चेतना व मन की शुद्धि पर काम कर मिल सकती दुख से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर।

बौद्धधर्म-दर्शन एवं मूल्यपरक शिक्षा पर पांच दिवसीय कार्यशाला में बुद्ध के उपदेशों में अष्टांगिक मार्ग और शील समाधि प्रज्ञा के आलोक पर चर्चा हुई। साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. वैद्यनाथ लाभ ने कहा कि 2500 साल पहले कोई मनोविज्ञान की प्रयोगशाला नहीं थी लेकिन बुद्ध ने 121 प्रकार के चित्त का उल्लेख कर विपस्सना का आविष्कार किया जिससे मनुष्य खुद को प्रज्ञावान बना सकता है।

उन्होंने कहा कायानुपस्सना, वेदनानुपस्सना और चित्तानुपस्सना का प्रयोग करके स्वयं के मुक्ति मार्ग पर अग्रसर हो सकते हैं।उन्होंने कहा कि काम तृष्णा, भव तृष्णा और विभव तृष्णा यानि मुक्ति की तृष्णा की समाप्ति हो जाना ही निर्वाण है।



प्रो. लाभ ने अष्टांगिक मार्ग को समझाते हुए कहा कि कायिक और वाचिक कर्म शील के द्वारा और मानसिक कर्म को समाधि से खत्म कर प्रज्ञा की अवस्था को पाया जा सकता है। प्रो लाभ ने कहा कि धर्म भी साध्य नहीं बल्कि साधन है और भगवान बुद्ध ने भी कहा है कि नदी पार करने के उपरांत नाव को किनारे ही छोड़ दिया जाता है। लोभ, द्वेष और मोह अनैतिक या अकुशल कर्म हैं वहीं लोभ का त्याग, प्रेम और ज्ञान नैतिक या कुशल कर्म हैं।

कार्यशाला में हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर के दर्शन शास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ अनिल तिवारी ने कहा कि बौद्ध धर्म के केन्द्र में 4 आर्य सत्य है। डॉ. तिवारी ने कालाम सुत्त से बुद्ध की 10 अवधारणाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि परम्परा, किवदन्ती, आधार, तर्क, किसी पूर्व अनुभव के आधार पर मानना, श्रद्धा और किसी चीज की भव्यता के आधार पर कोई निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए।

12 जुलाई तक कार्यशाला में बुद्ध के बाद विभिन्न शिक्षा केंद्रों का विकास और पाठ्यक्रम के साथ ही विभिन्न बौद्धाचार्यों के शिक्षा में योगदान और आज के समाज में बौद्धधर्म-दर्शन पर केंद्रित मूल्यपरक शिक्षा की उपयोगिता पर चर्चा होगी। नई शिक्षा नीति और भारतीय ज्ञान पद्धति के परिप्रेक्ष्य में कार्यशाला से बौद्ध धर्म दर्शन के योगदान पर पाठ्यक्रम तैयार किया जाएगा।

# शांति समिति की बैठक हुई सम्पन्न मुहर्रम को लेकर हुआ विचार विमर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

मुहर्रम पर्व को लेकर तहसील के सभागार में शान्ति समिति की बैठक नागरिकों के साथ आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम पल्लवी वैध, एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव द्वारा की गई। बैठक में मुहर्रम पर्व को लेकर उपस्थित जनप्रतिनिधियों समाज सेवियों एवं नागरिकों से मुस्लिम पर्व मुहर्रम पर्व पर आयोजित होने वाले आयोजनों को लेकर चर्चा की गई।

विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए बताया कि मुहर्रम माह की 7 से 9 तारीख कत्ल की रात तक नगर के विभिन्न इलाकों से नाल साहबों की सवारिया उठेगी एवं नगर में गस्त करेगी। वहीं 10 तारीख को जुलूस का आयोजन कर ताजिये बंधे घाट स्थित करवला में डंडे किए जाएंगे। वहीं साफ सफाई, विद्युत व्यवस्था आदि अन्य को लेकर चर्चा की गई।




तहसीलदार रामजी लाल वर्मा, नप अध्यक्ष जिनेश सिंघई, हिउस अध्यक्ष देवेन्द्र पटेल, मुस्लिम त्योहारों कमेटी अध्यक्ष अशिफ कुरैशी, बरिष्ट समाजसेवी नरेन्द्र पटेल, थाना प्रभारी महेश टाण्डेकर, नायव तहसीलदार विशाखा चौहान, नप उपाध्यक्ष अशोक सिह ठाकुर, मुस्लिम त्योहारों कमेटी के प्रदेश महासचिव मुजीव अंसारी, शाह एसोसिएशन जिला अध्यक्ष मौहम्मद उमर, अफजल वेग, पत्रकार नरेन्द्र साहू, प्रेमदयाल शर्मा, राकेश गौर सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## "एक पेड़ मां के नाम" अभियान

# कलेक्टर ने किया पौधरोपण सुरक्षा के लिए लगाए ट्री गार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान ''एक पेड़ मॉ के नाम'' के तहत कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। रोपित किए गए पौधों की सुरक्षा हेतु बांस से बनाए गए ट्री गार्ड लगाए गए। कलेक्टर दुबे ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु शुरू किए गए एक पेड़ मॉ के नाम अभियान अंतर्गत सम्पूर्ण जिले में वृहद स्तर पर पौधरोपण किया जा रहा है।

उन्होंने नागरिकों से एक पेड़ मॉ के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण करने का आह्वान करते हुए कहा कि जब हम एक पेड़ मॉ के नाम से रोपेगें तो हमारा विशेष रूप से भावनात्मक जुड़ाव होने से उस पौधे की



देखभाल, सिंचाई एवं सुरक्षा के प्रति सतर्कता रखेंगें। जिसके परिणामस्वरूप पौधे बड़े होकर वृक्ष का आकार ले सकेंगे। पौधरोपण के साथ ही उनकी देखभाल और सुरक्षा भी जरूरी है।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया सहित अन्य अधिकारियों द्वारा भी पौधरोपण किया गया।

## लोग बोले हो निष्पक्ष जांच, गोमाता के आहार पर डाका डालने वालों को मिले सजा

# पशु आहार खेत में दबा मिलने के मामले में प्रशासन कर रहा कार्रवाई

◆ *जांच अधिकारी एसडीएम बोले- 3 से 4 दिन में जांच पूर्ण कर प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय को करेगें प्रेषित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

सांईखेड़ा ग्राम पंचायत की गोशाला का पशु आहार सरपंच के पिता के नाम से दर्ज खेत में दबा होने की शिकायत पर शुक्रवार रात्रि मौके पर पहुंचकर एसडीएम ने ग्रामीणों की उपस्थिति में पंचनामा की कार्रवाई करते हुए मामला जांच में लिया था। प्रशासन द्वारा की कार्रवाई पर लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए निष्पक्ष जांच का भरोसा जताया था, लेकिन जांच की कार्रवाही में विलंब होने से लोग प्रशासनिक कार्रवाही को संदेह की नजर से देखने लगे है।

हालांकि जांच अधिकारी एसडीएम प्रकाश नायक ने 3 से 4 दिन में निष्पक्ष जांच उपरांत जांच प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित किए जाने का दावा किया है।

ज्ञात रहे कि पशु आहार सरपंच के पिता के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज कृशि भूमि पर दबा (दफन) होने की शिकायत पर शुक्रवार 5 जुलाई की रात्रि को एसडीएम अमले के साथ मौके पर पहुंचे थे तथा खेत में पशु आहार के दबे होने के स्थल की प्रतीकात्मक खुदाई कराने पर पशु आहार निकला था, जिस पर एसडीएम ने पंचनामा की कार्रवाही की थी, हालांकि कार्रवाही के लिए जाते समय एसडीएम व अमले को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा था।




बरसते पानी में उबड़ खाबड़ रास्ते पर पैदल ही सफर करते हुए मौके पर पहुंच कर एसडीएम ने कार्रवाही को अंजाम दिया था।

कार्रवाही दिवस से मंगलवार तक 5 दिन पूरे होने पर संपूर्ण जांच ना होने से नागरिक कार्रवाही पर सवालिया निशान लगा रहे हैं। लोगो का तर्क है कि क्या पशु आहार के दोषियों को बचाने ही जांच में विलंब किया जा रहा है, क्या जांच अधिकारी पर किसी तरह का दबाव है, क्या दोषियों को राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है जिसके चलते जांच में विलंब हो रहा है।

बहरहाल जो भी कारण हो लेकिन लोग पशु आहार पर डाका डालने वालो पर सख्त कार्रवाही होते हुए देखना चाह रहे है।

ग्राम पंचायत सांईखेड़ा अपने क्रियाकलापों के चलते हमेशा से ही चर्चाओ में बनी रही है। ताजा मामला सांईखेड़ा ग्राम पंचायत की शासकीय गौशाला के पशु आहार से जुड़ा हुआ है। पशु आहार जिस खेत में दबा पाया गया था वह खेत सरपचं के पिता के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज होना बताया गया है। सवाल उठ रहा है कि पशु आहार खेत में कैसे पहुचां, किसने पहुचाया, किसने खेत में खुदाई कर बोरियो या पैकिट में से निकाल कर मिटटी में दबाया, क्या किसी साजिश के तहत ऐसा किया गया। यह तो निष्पक्ष जांच के बाद ही सामने आ पाएगा, लेकिन इतना तय माना जा रहा है कि यदि पशु आहार की जांच निष्पक्षता पूर्वक की जावे तो दूध का दूध और पानी का पानी होने में देर नही लगेगी।

नागरिक काना फूसी कर रहे है कि मात्र पशु आहार की जांच ही नही बल्कि ग्राम पंचायत के प्रत्येक क्रियाकलापो की जांच निष्पक्ष एजेंसी से कराई जावे तो अनेको अनियमित्ताए सामने आ सकती है ?

### जल्द पूर्ण होगी जांच

सांईखेड़ा के एक खेत में दबे मिले पशु आहार की जांच 3 से 4 दिन में पूर्ण की जाकर जांच प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित कर दिया जाएगा।

**प्रकाश नायक,** जांच अधिकारी एसडीएम सिलवानी